# अल्ट्राटेक बेला सीमेंट वर्क्स में तीस दिन से चल रहा श्रमिकों का धरना

## ठेका श्रमिकों की छंटनी को लेकर विरोध, फैक्ट्री प्रबंधन सुनने को तैयार नहीं

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 31 मार्च, रीवा जिले स्थित अल्ट्राटेक बेला सीमेंट वर्क्स में 300 ठेका श्रमिकों की छंटनी के विरोध में 2 मार्च 2026 से जारी धरना आंदोलन आज 30वें दिन भी निरंतर जारी रहा.**

धरना स्थल पर मजदूरों के उत्साह को संबल प्रदान करने एवं आंदोलन को गति देने के उद्देश्य से ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रांतीय अध्यक्ष कामरेड हरिद्वार सिंह उपस्थित होकर मजदूरों को संबोधित किया. उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि दुनिया में ऐसी कोई ताकत नहीं है जो शांतिपूर्ण आंदोलन को दिग्भ्रमित कर सके या मजदूरों की जीत को रोक सके. एटक का एक गौरवशाली इतिहास रहा है. कामरेड हरिद्वार सिंह ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि अल्ट्राटेक बेला सीमेंट में आज भी कार्य समय का कोई निश्चित निर्धारण नहीं है. यहां मजदूरों से 20 से 24 घंटे तक लगातार काम लिया जाता है, और जब कोई मजदूर निर्धारित कार्य समय की मांग करता है तो उसे नौकरी से निकाल दिया जाता है. ओवरटाइम का दुगुना भुगतान, जो कि श्रम कानूनों के अंतर्गत उनका अधिकार है, उसका भी पालन नहीं किया जा रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि श्रम विभाग एवं जिला प्रशासन के अधिकारी कंपनी प्रबंधन के प्रभाव में कार्य कर रहे हैं और मजदूरों के हितों की अनदेखी कर रहे हैं. सभा को जिला पंचायत सदस्य लालमणि त्रिपाठी, मध्य प्रदेश किसान सभा के अध्यक्ष गया प्रसाद मिश्रा, भारतीय महिला फाउंडेशन की प्रांतीय महासचिव अरुणा पटेल, सुरभि मिश्रा, नौजवान नेता नीरज कुशवाहा तथा एटक के प्रांतीय उप महासचिव राम सरोज कुशवाहा ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम का स्वागत भाषण अध्यक्ष कॉमरेड अरुण तिवारी द्वारा दिया गया। इस अवसर पर सुशील सिंह, सूर्यभान साहू, सत्यवान पटेल, अनंत लाल पटेल, बलवंत सिंह, श्रीराम बिंद्रा, मुनीम शर्मा, रणजीत तिवारी, रामवली शुक्ला, पूरन लाल तिवारी, नरेंद्र मिश्रा, रंजन दहिया, कमलेश रजक, विजय गर्ग, अभय राज सिंह, ध्रुव सिंह, शिवकुमार कुशवाहा, दादू रजक, अजय चतुर्वेदी मौजूद रहे. साथ ही यह निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही कमिश्नर एवं पुलिस अधीक्षक से मिलकर मजदूरों की समस्याओं से अवगत कराया जाएगा.




# मादक पदार्थों के अवैध व्यापार एवं तस्करी पर कड़ी कार्रवाई करें : जैन



**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 31 मार्च, कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन समिति की बैठक कलेक्टर कक्ष में आयोजित की गई.**

बैठक में जिले में अवैध मादक पदार्थों के नियंत्रण, रोकथाम एवं प्रभावी कार्रवाई की समीक्षा की गई. कलेक्टर ने कहा कि जिले में मादक पदार्थों के अवैध व्यापार एवं तस्करी पर निगरानी रखते हुए कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें. आबकारी अधिकारी अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के निर्माण और विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण रखने के लिए सघन जांच अभियान चलाएं. बैठक में कलेक्टर ने कहा कि नशा मुक्त समाज की स्थापना के लिए सभी विभागों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा. इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. पुलिस, आबकारी, स्वास्थ्य एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करते हुए नशे के खिलाफ अभियान को और अधिक प्रभावी बनाएं. युवाओं को नशे से बचाने के लिए स्कूल, कालेज और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाएं और नशे के दुष्परिणामों से उन्हें अवगत कराएं. स्वास्थ्य विभाग नशा मुक्ति केन्द्रों को सुदृढ़ करे और वहाँ दी जाने वाली उपचार सुविधाओं को बेहतर बनाएं.

बैठक में अवैध मादक पदार्थों की जब्ती, प्रकरणों की जांच, आरोपियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई तथा लंबित मामलों की समीक्षा की. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए.

बैठक में पुलिस विभाग, आबकारी विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे.

# युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान करना शासन की प्राथमिकता

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 31 मार्च, कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला कौशल विकास समिति की बैठक कलेक्टर कक्ष में आयोजित की गई.**

बैठक में जिले में संचालित विभिन्न कौशल विकास योजनाओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. बैठक में कलेक्टर ने कहा कि युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान करना शासन की प्राथमिकता है. इसके लिए कौशल विकास योजनाओं के अंतर्गत अधिक से अधिक युवाओं का पंजीयन सुनिश्चित करें तथा प्रशिक्षण के उपरांत उन्हें रोजगार अथवा स्वरोजगार से जोड़ने की उचित व्यवस्था करें. प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें और प्रशिक्षण संस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग भी करें. बैठक में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री कौशल संवर्धन योजना एवं अन्य विभागीय योजनाओं के अंतर्गत चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा की गई. कलेक्टर ने कहा कि प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले युवाओं का प्लेसमेंट सुनिश्चित करते हुए उनकी ट्रैकिंग भी नियमित रूप से करें. कलेक्टर ने कहा कि उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तैयार कराएं जिससे प्रशिक्षित युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें. इसके साथ ही उन्होंने स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत ऋण प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए. बैठक में अधिकारियों द्वारा प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की गई.

# क्षीरधारा ग्राम योजना से होगा दूध उत्पादन दोगुना

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 31 मार्च, मुख्यमंत्री द्वारा खेती के साथ दुधारू पशुपालन पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है. प्रदेश में वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है.**

इसमें कृषि के साथ-साथ उद्यानिकी और पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. मुख्यमंत्री के प्रदेश में दूध उत्पादन को दोगुना करने के संकल्प को पूरा करने के लिए क्षीरधारा ग्राम योजना लागू की गई है. इस योजना के तहत पशुपालन विभाग अन्य विभागों के सहयोग से दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए बहुआयामी प्रयास कर रहा है. क्षीरधारा ग्राम योजना के तहत पशुपालन विभाग द्वारा दुधारू पशुओं के नस्ल सुधार, उन्नत पशुपालन इकाईयों की स्थापना, दुधारू पशुओं की स्वास्थ्य रक्षा एवं पोषण तथा गोपालन को प्राकृतिक खेती से जोड़कर गांव को तीन वर्ष में क्षीरधारा ग्राम के रूप में विकसित करने की योजना है. वन क्षेत्रों, वन्यजीव अभ्यारण्य तथा नेशनल पार्कों की पाँच किलो मीटर की परिधि में स्थित गांवों में दो चरणों में क्षीरधारा ग्राम योजना लागू की जा रही है.



जिला सतर्कता समिति की बैठक लेते कलेक्टर-एसपी

# हाटेश्वरनाथ मंदिर से निकाली गई समरसता यात्रा

**नवभारत न्यूज**
**हनुमना, 31 मार्च, मऊगंज के पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी एवं कार्यक्रम के प्रभारी इंद्रमणि प्रसाद द्विवेदी पूर्व जनपद सदस्य, सरपंच एवं सोसाइटी अध्यक्ष ने हाटेश्वर धाम में भगवान भोलेनाथ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सामाजिक समरसता अभियान की शुरुआत की.**

इस पावन अवसर पर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली के लिए भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की गई.तत्पश्चात लक्ष्मण तिवारी के नेतृत्व में अस्मिता यात्रा पूरे उत्साह और जनसमर्थन के साथ आगे बढ़ी. यात्रा अल्हवा पहुँची, जहाँ स्थानीय नागरिकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया और आयोजित जनसभा में सामाजिक एकता व भाईचारे को सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया. इसके बाद यात्रा कजरा में स्थित महारानी देवी मंदिर पहुँची, जहाँ श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही और जनसभा आयोजित कर सामाजिक समरसता एवं एकजुटता का संदेश दिया गया. तत्पश्चात नाऊन खुर्द में सरपंच विजय कुमार पांडेय के यहाँ यात्रा का जोरदार स्वागत हुआ. यहाँ भी जनसभा के माध्यम से क्षेत्र के विकास, सामाजिक सद्भाव और जनसहभागिता पर विचार साझा किए गए.आगे बढ़ते हुए यात्रा नाऊन कला में पूर्व सरपंच शशि कुमार विश्वकर्मा के निवास पर पहुँची, जहाँ स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए एकजुटता का परिचय दिया और कार्यक्रम को सफल बनाया. अंत में यात्रा नाऊन कला दक्षिण टोला पहुँची जहां ,बगीचे में भव्य जनसभा के साथ इस यात्रा का समापन हुआ.



मऊगंज में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह व अन्य

# अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों में विवेचना समय-सीमा में पूर्ण करें

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 31 मार्च, कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक कलेक्ट्रेट कक्ष में आयोजित की गई.**

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि पुलिस विभाग और संबंधित विभागीय अधिकारी अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों में विवेचना समय-सीमा में पूर्ण करें. पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाने के लिए चालान पेश करने में अनावश्यक विलंब न करें. जिन प्रकरणों में दोष सिद्ध हो चुका है या कानूनी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं, उनमें पीड़ितों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता राशि का भुगतान तत्काल सुनिश्चित करें. न्यायालयों में विचाराधीन पुराने प्रकरणों में शासकीय अधिवक्ता प्रभावी पैरवी करें. पीड़ितों के सामाजिक और आर्थिक पुनर्वास के लिए शासन द्वारा संचालित कौशल विकास एवं स्वरोजगार योजनाओं से उन्हें जोड़ें.कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन और पुलिस का यह सामूहिक उत्तरदायित्व है कि समाज के कमजोर वर्गों में सुरक्षा का भाव बना रहे. एसडीएम और एसडीओपी नियमित रूप से फील्ड स्तर पर फीडबैक लें और सामाजिक समरसता शिविर आयोजित कराएं. बैठक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा पीड़ित परिवारों को दी जाने वाली सहायता राशि एवं पुनर्वास कार्यों की प्रगति समीक्षा की गई. बैठक में आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा विगत माह की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई. बैठक में पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, एडिशनल एसपी विक्रम सिंह, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग नीलकंठ सिंह मरकाम उपस्थित रहे.

# बीमा योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए समिति गठित

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 31 मार्च, मुख्य सचिव अनुराग जैन द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग में दिए गए निर्देशों के पालन में मऊगंज जिले में बीमा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, निगरानी एवं समन्वय तथा बीमा दावों के त्वरित निपटान के लिए जिला स्तरीय बीमा समिति का गठन किया गया है.**

इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय कुमार जैन द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है. समिति के अध्यक्ष कलेक्टर मऊगंज होंगे. समिति में पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिला कोषालय अधिकारी तथा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को सदस्य बनाया गया है.

भारतीय जीवन बीमा निगम के क्षेत्रीय अधिकारी को समिति में सदस्य सचिव बनाया गया है.

# सरकार एलपीजी संकट एवं पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता को लेकर गंभीर नहीं : सिंह

## कांग्रेस कार्यालय में हुई पदाधिकारियों की बैठक

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 31 मार्च, जिला कांग्रेस कमेटी मऊगंज की एक आवश्यक बैठक कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई.**

बैठक में प्रदेश महासचिव एवं पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह 'बन्ना' सहित जिले के वरिष्ठ कांग्रेसजन, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष, युवा कांग्रेस, एन.एस.यू.आई., महिला कांग्रेस एवं सेवा दल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.बैठक में मुख्य रूप से देश एवं प्रदेश में एल.पी.जी., डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता, बिजली समस्या एवं बढ़ते भ्रष्टाचार जैसे ज्वलंत मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई. पूर्व विधायकसुखेन्द्र सिंह 'बन्ना' ने केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार वर्तमान में एल.पी.जी. संकट एवं पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता को लेकर गंभीर नहीं है. इसके कारण आम जनता को एक बार फिर कोरोना काल और नोटबंदी की तरह लंबी कतारों में लगने को मजबूर होना पड़ रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि यह स्थिति जनता का ध्यान अन्य मुद्दों से भटकाने का प्रयास है.उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में देश एवं प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है. हाल ही में खटखरी क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लागत से बनी जल जीवन मिशन की टंकी गिरने की घटना इसका स्पष्ट उदाहरण है.जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिलाल कोल ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार गैस और तेल संकट के समय 'आपदा में अवसर' ढूंढ रही है.

उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को पर्याप्त बिजली देने के बजाय बिजली दरों में 5 प्रतिशत वृद्धि कर दी गई है. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही गैस-तेल संकट एवं बढ़ी हुई बिजली दरें वापस नहीं ली गईं, तो जिला कांग्रेस इन मुद्दों को लेकर बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी. बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिलाल कोल, जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष शेख मुख्तार सिद्दीकी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ मिश्रा, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आशुतोष तिवारी, श्रीमती अरुणा तिवारी, जनपद सदस्य ओमप्रकाश तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष मृत्युंजय तिवारी, हिनछलाल पटेल, दिनकर राल्दी, शिवलाल साकेत, उमाकांत, वारिस खान आदि मौजूद रहे.

# बोरबेल उत्खनन पर रोक से किसान परेशान

**नवभारत न्यूज**
**हनुमना, 31 मार्च, बोरबेल के उत्खनन पर रोक लगाए जाने से किसान परेशान है. लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या इन आदेशों का असर धरातल पर दिख रहा है?**

ताजा मामला जल स्तर को देखते हुए बोरवेल खनन पर लगाई गई रोक का है, जो प्रशासन की कार्यप्रणाली और किसानों की मजबूरी के बीच के अंतर्विरोध को उजागर करता है.बीते 10 मार्च 2026 को जिला प्रशासन ने गिरते जल स्तर के मद्देनजर एक आदेश जारी किया, जिसमें बिना पूर्व अनुमति के बोरवेल खनन पर प्रतिबंध लगा दिया गया. लेकिन मऊगंज की गलियों और खेतों में यह प्रतिबंध सिर्फ कागजों तक ही सीमित नजर आ रहा है. अवैध खनन बदस्तूर जारी है और जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं. प्रशासनिक सख्ती के बीच किसानों ने अपनी व्यथा साझा करते हुए तार्किक सवाल उठाए हैं. किसानों का कहना है कि प्रशासन का यह प्रतिबंध उनके लिए 'आसमान से गिरे और खजूर में अटके' वाली स्थिति है. बरसात का संकट: मानसून के दौरान खेतों में पानी भरा होता है और मिट्टी गीली होने के कारण भारी मशीनें (बोरवेल गाड़ियां) खेतों तक नहीं पहुंच पातीं. ठंड का मौसम: रबी की फसल (गेहूं, चना आदि) खड़ी होने के कारण खेतों में बोरवेल कराना संभव नहीं होता, क्योंकि इससे फसल बर्बाद होने का डर रहता है. गर्मी की मजबूरी: केवल गर्मी का ही समय ऐसा होता है जब खेत खाली होते हैं और मशीनें आसानी से आ-जा सकती हैं. लेकिन प्रशासन इसी समय प्रतिबंध लगा देता है. जिससे किसान परेशान हो रहे है.

# पीटीएस में यातायात प्रबंधन की दी गई जानकारी

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 31 मार्च, मिशन कर्मयोगी के तहत पुलिस प्रशिक्षण शाला, रीवा में 93वें नवआरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2025-26 के अंतर्गत प्रशिक्षणार्थियों के द्वितीय सेमेस्टर में आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन के नेतृत्व में यातायात प्रबंधन विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया.**

इस प्रशिक्षण में यातायात प्रबंधन के अंतर्गत फील्ड में उपयोग किए जाने वाले आधुनिक उपकरणों का प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया. कार्यक्रम में सूबेदार अंजली गुप्ता, यातायात थाना रीवा एवं उनकी टीम द्वारा पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार यातायात नियमों से संबंधित विस्तृत व्याख्यान दिया गया. इसके पश्चात इकाई में 'यातायात प्रबंधन, मोटर वाहन (संशोधित) अधिनियम 2019 एवं अन्य सहायक अधिनियम, गुड सेमेरिटन दुर्घटना रिपोर्ट तैयार करना, शोलेशियम फंड एवं अन्य क्षतिपूर्ति योजनाएं' विषय पर राज्य स्तरीय वेबीनार का आयोजन किया गया. जिसमें वक्ता के तौर पर उप पुलिस अधीक्षक सत्य प्रकाश मिश्रा व एडीपीओ श्रीमती आदर्श सिंह सोलंकी मौजूद रहे.




# पूर्व विधायक की अगुआई में डीजल-पेट्रोल गैस को लेकर हल्लाबोल

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 31 मार्च, मऊगंज के पूर्व कांग्रेस विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना के नेतृत्व में भव्य रैली निकाली गई और कलेक्ट्रेड का घेराव किया गया. डीजल पेट्रोल और गैस की बढ़ती समस्या को लेकर मऊगंज कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया.**

इसके बाद पूर्व विधायक मऊगंज कलेक्टर से मिलकर खटखरी नाली, हनुमाना बस स्टैंड पर अतिक्रमणकारियों को हटाने के बाद नई जगह दिलाने पर बात किए. इस बीच महिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अरुणा तिवारी, मऊगंज कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरिलाल कोल, पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना, पद्मेश गौतम युवक कांग्रेस अध्यक्ष आशुतोष तिवारी व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे. हल्ला बोल रैली के दौरान पूर्व विधायक ने कहा कि आज देश प्रदेश और जिले में डीजल पेट्रोल और गैस को लेकर लगातार आमजन परेशान हैं. हालात इतने बत्तर हो चले हैं कि जनता सड़कों पर उतर आई है इसके बावजूद भी सत्ताधारी सरकार जनता की समस्या का निराकरण करने का प्रयास नहीं कर रही है. पूर्व विधायक ने कहा कि समस्या का निराकरण जल्द नहीं किया जाएगा तो आंदोलन होगा.



